वर्ष : 15 | अंक : 01 | जयपुर | रविवार, 03 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12+4

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004

/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ










## एक नई सुबह...



प्रधान संपादक के रूप में जब मैं यह लिख रहा हूं, तो मन में एक गहरी संतोष और गर्व की भावना है। आज हम बढ़ता राजस्थान के जयपुर संस्करण के 15वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, और यह सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि हमारे संघर्ष, समर्पण और अनगिनत पाठकों के साथ बिताए गए अनमोल क्षणों का एक प्रतीक है। जब इस सफर की शुरुआत की थी, तो हमें नहीं पता था कि हम इतना प्यार और समर्थन पाएंगे। यह यात्रा कठिनाइयों से भरी रही, लेकिन हर चुनौती ने हमें और मजबूत बनाया। आपके साथ बिताए गए हर क्षण ने हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। जब हम आपके विचारों को अपने पन्नों पर जगह देते हैं, तो हमें यह एहसास होता है कि हम सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि एक परिवार हैं।

बढ़ता राजस्थान का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सशक्त आवाज के रूप में हुआ है। जब भ्रष्टाचार हर स्तर पर घुसपैठ कर चुका है, हमारी कलम ने हमेशा इसका विरोध किया है। यह सिर्फ हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। हमने यह तय किया है कि हम उन मुद्दों को उजागर करेंगे जो आम जन को प्रभावित करते हैं, चाहे इसके लिए हमें कितनी भी मुश्किलों का सामना क्यों न करना पड़े।

हम आपके साथ जुड़ने के हर मौके को महत्व देते हैं। आपकी प्रतिक्रियाएं, आपकी चिंताएं, और आपका विश्वास–यह सब हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। जब हम किसी अनसुलझे मुद्दे को उठाते हैं, तो हमें आपके समर्थन की ताकत का अहसास होता है। आप ही हैं जो हमें यह विश्वास दिलाते हैं कि हम अकेले नहीं हैं। हम सकारात्मकता का स्वागत करते हैं, लेकिन सकारात्मकता के नाम पर भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था से समझौता करना हमारे सिद्धांत में शामिल नहीं है। हम न तो किसी राजनेता के प्रभाव में हैं और न ही किसी अफसर के इशारों पर चलने वाले हैं। हमारी कलम हमेशा सच्चाई के पक्ष में खड़ी रहेगी।

इस 15 वर्षों की यात्रा में हमने साथ मिलकर जो कुछ हासिल किया है, वह सिर्फ सफलता की कहानी नहीं है; यह हमारी एकजुटता और आपके समर्थन की कहानी है। हम हर दिन एक नई सुबह का स्वागत करते हैं, और आपकी मदद से हम आगे भी ऐसी नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

**आप सभी का दिल से धन्यवाद! आपके बिना यह सफर संभव नहीं हो सकता था। आइए, हम इस यात्रा को और भी खूबसूरत बनाते रहें और भविष्य की चुनौतियों का सामना एकजुट होकर करें।**

*राम बिलास विजयवर्गीय*
*–प्रधान संपादक*

# संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू

## 20 दिसंबर तक चलेगा; वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पेश होने के आसार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा का पहला शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें वन नेशन–वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक समेत कई बिल पेश होने के आसार हैं। इसके अलावा जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास किया जा सकता है। 18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। पूरे सत्र में कुल 15 बैठकें हुईं, जो लगभग 115 घंटे तक चलीं थी। सत्र के दौरान सदन की प्रोडक्टिविटी 136% रही।इसी सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को सदन में केंद्रीय बजट 2024–2025 पेश किया। इस पर कुल 27 घंटे और 19 मिनट तक चर्चा चली, जिसमें 181 सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में कुल 65 प्राइवेट मेम्बर बिल भी पेश किए गए थे। इसके अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि, इस सत्र के दौरान देश के कई हिस्सों में आए लैंडस्लाइड, बाढ़ और जान–माल के नुकसान पर भी चर्चा हुई।



### वक्फ एक्ट संशोधन बिल पेश, लेकिन अब जेपीसी में

8 अगस्त को लोकसभा में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून (संशोधन) बिल पेश किया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। इस बिल का विपक्षी दलों ने विरोध किया।

### 48.20 लाख करोड़ का बजट पेश, सहयोगी पार्टीयों को फायदा

मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को लगातार सातवीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाया। 1 घंटे 23 मिनट के भाषण में उनका फोकस शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला और युवाओं पर रहा। इसके अलावा नीतीश कुमार के बिहार और चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश पर केंद्र सरकार मेहरबान रही। बजट में नई टैक्स रिजीम चुनने वालों के लिए अब 7.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री हो गई है।

## बढ़ता राजस्थान का सफर

**2004 – साप्ताहिक जयपुर संस्करण**
बढ़ता राजस्थान की यात्रा की शुरुआत 2004 में जयपुर से साप्ताहिक अखबार के रूप में हुई। यह पहला कदम था हमारे उस सपने की ओर, जहाँ हम समाज को सही खबरों और निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से जागरूक करना चाहते थे। सीमित संसाधनों के बावजूद, हमने शुरुआत से ही खबरों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

**2010 – दैनिक जयपुर संस्करण**
मेहनत और पाठकों के भरोसे के साथ, 2010 में हमने 'बढ़ता राजस्थान' को दैनिक अखबार के रूप में किया। यह हमारे पाठकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और हर रोज़ ताज़ा और सटीक खबरें पहुँचाने की दिशा में एक बड़ा कदम था।

**2011 – अपनी प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना**
2011 में, दैनिक के पहले ही वर्ष में हमने अपनी खुद की प्रिंटिंग प्रेस स्थापित की, जिससे हमारी स्वतंत्रता और गुणवत्ता में और भी निखार आया। अब हम खबरों को जल्द से जल्द और सटीक रूप से प्रकाशित कर सकते थे, जिससे हमारे पाठकों को समय पर समाचार मिलते रहे।

**2013 – टोंक संस्करण की शुरुआत**
राजस्थान के अन्य हिस्सों में भी हमारी खबरों की मांग को देखते हुए, 2013 में हमने टोंक से अपने अखबार का संस्करण शुरू किया। इस कदम से हमारी पहुँच और भी व्यापक हो गई और हमने वहाँ के स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

**2015 – अलवर संस्करण की शुरुआत**
2015 में हमने अलवर से 'बढ़ता राजस्थान' के नए संस्करण की शुरुआत की। इस क्षेत्र के पाठकों ने भी हमें भरपूर समर्थन दिया, और हमने उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की।

**2022 – कोटा संस्करण की शुरुआत**
2022 में हमने कोटा से अपने अखबार का संस्करण लॉन्च किया, जिससे हमारी मौजूदगी और भी सुदृढ़ हो गई। कोटा, जो अपनी शिक्षा प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है, वहाँ हमने शैक्षिक और सामाजिक मुद्दों पर गहनता से प्रकाश डाला।

***2025 – चार नए संस्करणों की तैयारी***
*अपने पाठकों के बढ़ते समर्थन और हमारे उद्देश्य को और भी विस्तारित करने के लिए, 2025 में हम चार नए संस्करणों की शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम राजस्थान के उन क्षेत्रों तक पहुँचें जहाँ हमारे पाठकों को निष्पक्ष और सटीक पत्रकारिता की आवश्यकता है।*

**इन 20 वर्षों में 'बढ़ता राजस्थान' का हर कदम हमारे पाठकों के विश्वास और हमारे संवाददाताओं की मेहनत का परिणाम है। हम इसी विश्वास और मेहनत के साथ आगे भी नई ऊँचाइयाँ छूते रहेंगे।**

# हमने जो कहा है, उसे करके रहेंगे, 60 हजार चतुर्थ श्रेणी के पद सालों से खाली थे, किसी ने भरने की हिम्मत नहीं दिखाई : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी विभागों में खाली पड़े सभी पदों को सरकार भरने का काम करेगी। मैंने अधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक विभाग में खाली पड़े पदों को निकाले, सरकार उन सभी पदों की वैकेंसी निकालेगी। सीएम सांगानेर विधानसभा में दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा– हमने प्रदेश के युवाओं से वादा किया है कि हम एक साल में एक लाख और पांच साल में चार लाख भर्तियां निकालेंगे। हमने जो कहा है, उसे करके रहेंगे। हमारी कैबिनेट ने 90 हजार भर्तियों को मंजूरी दी है। उनकी विज्ञप्ति भी जल्द आने वाली है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद सालों से खाली पड़े थे

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा– हमने जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 60 हजार पदों पर वैकेंसी निकाली है। अगर इन पदों पर 10 साल पहले 5 साल पहले वैकेंसी निकाल दी जाती तो मजदूर के बेटे को सालों पहले नौकरी मिल जाती। इन्हें भरने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई।



### पिछली सरकारों ने सपने दिखाएं

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा– आने वाली 9, 10 और 11 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान है। लोगों ने कहा था कि पहले साल में आप कर रहे हैं। मैंने कहा कि पहले साल इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हम काम करना चाहते हैं। चौथी साल और लास्ट में वह लोग करते हैं। जो सिर्फ कहना चाहते हैं, करना नहीं चाहते हैं।

# शाह पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज

## बताया बेतुका, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक कनाडाई मंत्री के आरोपों को बेतुका और निराधार बताया। कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को शुक्रवार को बुलाया गया और आरोपों के विरोध में एक नोट अधिकारी को सौंपा गया। आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि नवीनतम कनाडाई लक्ष्य के संबंध में, हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को बुलाया।




# कश्मीर में 36 घंटे में 3 एनकाउंटर

## श्रीनगर में उस घर को उड़ाया, जहां आतंकी छुपे थे; 4 जवान घायल, 3 आतंकी ढेर

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए। श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक आतंकी मारा गया।

घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला–बारूद बरामद किए गए हैं। श्रीनगर में 2 सीआरपीएफ जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है। वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ था। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। तीनों जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें यूपी के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। श्रीनगर सांसद बोले– हमले के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार बडगाम आतंकी हमले पर श्रीनगर सांसद रूहुल्लाह मेहदी ने कहा कि इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद हमलों में तेजी आई है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा– मजहामा बडगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले की खबर से दुखी हूं। पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ मेरी सहानुभूति और प्रार्थनाएं।



सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

# भारत-चीन सीमा पर शांति के संकेत, क्या स्थायी समझौते की ओर इशारा है लद्दाख में मिठाइयों का आदान-प्रदान?


वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध फिलहाल दूर हो गया लगता है। दोनों देशों के सैनिकों ने दिवाली पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक इलाके में गश्त भी शुरू कर दी। जल्दी ही डेपसांग इलाके में भी भारतीय सैनिक गश्त करना शुरू कर देंगे। रूस में आयोजित इस बार के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी। उसके दो दिन पहले एलएसी पर पूर्व स्थिति बनाने को लेकर सहमति बनी थी। इससे फिर दोनों देशों के बीच रिश्तों में गर्मी लौटने की उम्मीद जताई जा रही है। जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में घुस आए थे और हमारे सैनिकों के साथ उनका खूनी संघर्ष हुआ था, जिसमें दोनों तरफ के सैनिक हताहत हुए थे। तब से राजनीतिक गतिरोध बना हुआ था। हालांकि दोनों देशों के सैन्य अधिकारी इस विवाद को सुलझाने के लिए बैठकें करते रहे और उन बैठकों में सकारात्मक नतीजे भी निकले थे। उन्हीं बैठकों के चलते पांच में से तीन क्षेत्रों से चीन ने अपनी सेनाएं पीछे लौटा ली थीं। दो क्षेत्रों में विवाद बना हुआ था, जो अब समाप्त हो गया है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। जिस तरह रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर भारत से उसके मजबूत रिश्ते बहुत अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के चलते यह समीकरण ठीक से बैठ नहीं पा रहा था। इसलिए माना जा रहा है कि रूस के प्रयत्नों से ही भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर हुई है। मगर यह अच्छी बात है कि एलएसी पर बेवजह तनाव बने रहने से जो दोनों देशों का ध्यान उस तरफ लगा रहता था, उससे आजादी मिलती दिख रही है। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की भौहें कुछ तनी नजर आने लगी हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह पहले से खफा है।

अभी अमेरिका ने जिन उन्नीस भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं, उससे उसकी खीझ समझी जा सकती है। मगर भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। इसलिए कि भारत अपने को किसी गुट में शामिल नहीं किया है। फिर, जिस तरह भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है, और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए लगातार भरोसेमंद साझीदार बना हुआ है, उसमें कोई भी भारत को फिलहाल नजरअंदाज नहीं कर सकता।

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के वैश्विक नियमन में भारत का नेतृत्व

**एआई क्षेत्र में काम करने वाली इकाइयां (हितधारक) डेटा तैयार करती हैं, जो एआई की रीढ़ माना जाता है। डेटा भंडार जितना बड़ा और विविधता भरा होगा, अनजाने में पक्षपात होने की आशंका उतनी ही कम होगी तथा उतना ही अधिक सटीक आकलन एवं परिणाम होगा। इस वजह से स्वाभाविक रूप से एआई का आकलन सहयोगात्मक, समावेशी और अलग-अलग अधिकार क्षेत्र में काम करने वाला होता है, जिसकी प्रगति के लिए उपयोगकर्ताओं का भरोसा बहुत जरूरी है। साथ ही इससे जुड़े खतरे भी हर जगह दिखने लगते हैं। इसलिए सहयोग भरा नियमन जरूरी है ताकि जोखिम कम हो और इनका इस्तेमाल एवं विकास गति पकड़े। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में हर देश अपने हिसाब से एआई के कायदे तय कर रहा है, जो नाकाफी साबित हो रहे हैं।**

पल्लवी बजाज।



आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक दुनिया के सभी हिस्सों में दस्तक दे चुकी है। ये तकनीकें जानकारी या डेटा के बड़े भंडार का अनुमान एवं निर्धारण संबंधी विश्लेषण से तैयार होती हैं। एआई मूलत: सहयोगात्मक, समावेशी, गतिशील एवं लगातार बदलने वाली तकनीक पर आधारित है। इसलिए इसके नियम भी ऐसे ही होने चाहिए। केवल एक नियामक के नियंत्रित परीक्षण इस तकनीक को कम से कम जोखिम के साथ सभी को फायदा पहुंचाने वाली नहीं बना सकते। इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। 1.4 अरब आबादी वाला देश भारत तेजी से डिजिटल तकनीक अपना रहा है और वह एआई से जुड़ी इस बहस में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एआई के लाभ आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, परिवहन (लॉजिस्टिक्स), शिक्षा, सुरक्षा एवं पर्यावरण समेत सभी क्षेत्रों में देखे जा सकते हैं। रोजमर्रा के कार्यों में इसे तेज रफ्तार से अपनाया जा रहा है, जो चौंकाने वाली बात है। मगर एआई के बढ़ते इस्तेमाल की राह में ठोस नियम-कायदों का अभाव बाधा उत्पन्न कर रही है। इसके कारण एआई का दुरुपयोग हो रहा है और लोगों का इसमें भरोसा नहीं बन पा रहा है। एआई की अनियंत्रित प्रगति और उपलब्धता से मानवीय, राष्ट्रीय, आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो रहा है तथा सभी पक्षों पर इसका असर पड़ रहा है। नियमन की लगाम अपने हाथ में लेने की कोशिश अवांछित परिणाम दे सकती है। कारगर नियमन के लिए जब अलग-अलग अधिकार क्षेत्र यानी देशों का साथ आना और सहयोग करना जरूरी है तो पहले कदम उठाने वाले को ज्यादा फायदा मिलने का सवाल ही नहीं है। इससे दो सवाल खड़े होते हैं। पहला, एआई के कारगर नियमन के लिए उपयुक्त तरीका क्या है? दूसरा, इस चर्चा में भारत की स्थिति क्या है? उपयुक्त, प्रभावी एआई नियमन के साथ दो महत्त्पूर्ण बातें जुड़ी हैं। पहली, नियमन के जरिये किसी भी देश, जनांकिक पहलू, समाज या अर्थशास्त्र में सभी हितधारकों से जुड़े जोखिमों को प्रभावी ढंग से दूर किया जाना चाहिए। दूसरी, नियम-कायदे इस तरह तैयार किए जाएं कि उत्पादक एआई तकनीकों के उन्नयन में और उन्हें अपनाए जाने में बाधा न पड़े। दोनों ही स्थितियों में हितधारकों की समावेशी और व्यापक पहचान, उनकी दिलचस्पी एवं उनके प्रभाव की समझ, जुड़ाव और शिक्षा (ताकि प्रत्येक हितधारक समझबूझकर कारगर ढंग से भागीदारी के लिए एआई का इस्तेमाल करे, उसकी जानकारी रखे, कौशल रखे और क्षमता भी रखे) की जरूरत होती है। ध्यान रहे कि वैश्विक स्तर पर एआई नियमन में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। जब एआई के जरिये कोई भी संपर्क, डेटा पॉइंट और निर्धारण अलग-अलग देशों में हो सकता है तथा लगातार बढ़ता रहा है तब नियमन में कोई भी कमजोर कड़ी कायदों में बांधने के किसी भी प्रयास को विफाल कर देगी। लिहाजा नियामकीय तंत्र अनिवार्य रूप से वैश्विक स्तर पर तैयार होना चाहिए और उसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। नेतृत्व निश्चित रूप से सभी को साथ लेकर चलने, प्रभावी नियामकीय सहयोग स्थापित करने और क्षमता निर्माण को ध्यान में रखकर सहयोग में तेजी लाने से जुड़ा है। इस सहयोग का आधार वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए यानी एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य, एआई का एक ही कायदा। भारत पिछले साल जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता के दौरान वैश्विक चुनौतियों के लिए सहयोगात्मक और समावेशी समाधानों पर प्रभावी ढंग से चर्चा कर चुका है। भारत अब वह खास नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है जिसकी जरूरत एआई के वैश्विक नियमन के लिए जरूरी है। वैश्विक स्तर पर एआई के प्रभावी नियमन ढांचा तैयार करने के लिए सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने और उनमें आपसी सहयोग की भावना जगाने की जरूरत है। इस सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें अलग-अलग एवं सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। सबसे पहले सभी हितधारक समूहों की व्यापक पहचान और उनसे जुड़ी बातों का आकलन करने पर जोर हो।

दूसरी बात, सभी पक्षों को स्वीकार्य परिभाषाएं, डेटा संरचना और जोखिम-निर्धारण मॉडलों को चिह्नित कर इन पर सहमति तैयार की जानी चाहिए। तीसरी बात, आपूर्तिकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं सहित प्रत्येक हितधारक समूह की भूमिकाओं, उत्तरदायित्वों एवं उनसे जुड़े जोखिमों का निर्धारण होना चाहिए। ऐसा करते वक्त अलग-अलग क्षमताओं, तकनीक की उपलब्धता और आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संवेदनाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। इससे सभी समस्याएं एवं चुनौतियां अधिक स्पष्ट हो जाएंगी, जिनका समाधान खोजना सरल हो जाएगा। चौथी बात यह है कि निरंतर, सहयोगात्मक, समावेशी हितधारक समझौतों के लिए एक मंच तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें मौजूदा कदमों के नतीजे एवं उन्हें और बेहतर बनाने की व्यवस्था भी होनी चाहिए। पांचवीं महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एआई द्वारा तैयार समाधानों की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए सूचना के दो तरफा आदान-प्रदान, प्रतिक्रियाओं एवं सुझाव की व्यवस्था और सुदृढ़ कार्य योजना के साथ सरकारों के बीच बातचीत का एक सुरक्षित ढांचा स्थापित होना चाहिए। अगले यानी छठे चरण में एआई के लिए सहयोगात्मक वैश्विक नियामकीय दिशानिर्देशों एवं ढांचों के लिए विश्वास एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला एक तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। ऐसा करते वक्त प्रत्येक देश की संवेदनशीलता का ध्यान रख कर श्रेष्ठ व्यवहार मानकों का पालन किया जाना चाहिए। सातवीं बात, इस तंत्र में सभी हितधारकों के लिए जरूरी क्षमता तैयार करने के लिए व्यापक प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। इन प्रस्तावों को अधिक से अधिक लोगों एवं स्तरों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल तकनीक का फायदा उठाया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन निरंतर, समावेशी, सहयोगात्मक भी होगा और इसमें सरकार के विभिन्न संस्थान एवं विभाग और सभी हितधारकों की भूमिका होगी। एआई क्षेत्र में होने वाले विकास पर लगातार नजर रखने के लिए अंतर-मंत्रालय सलाहकार इकाइयों का अनिवार्य रूप से गठन किया जाना चाहिए ताकि तकनीक की तेज होती रफ्तार के साथ पुख्ता कायदे भी साथ-साथ तैयार हो पाएं। वे उद्योग, शोधकर्ताओं और नागरिक समाज के साथ सुनियोजित रूप में निरंतर काम करेंगी और दोहरे नतीजे हासिल करने के लिए डिजिटल तकनीक का लाभ उठाएंगी। पहला नतीजा यह होगा कि स्थानीय प्रक्रियाओं, क्षमताओं एवं संवेदनाओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर नियामकीय दिशानिर्देशों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन हो पाएगा। दूसरा, नए अनुभव, चुनौतियों एवं सफलता से मिली सीख का इस्तेमाल सहयोगात्मक वैश्विक तंत्र में किया जा सकेगा ताकि समय के साथ नियामकीय ढांचे में भी बदलाव होते रहे। ठहरा हुआ नियामकीय ढांचा न केवल बेअसर होगा बल्कि एआई की प्रगति में भी बाधा बनेगा और सबको बराबर लाभ भी नहीं मिल पाएगा। समस्या तेजी से नए रूप ले रही है, इसलिए नियमन में भी उसी गति के साथ बदलाव होना चाहिए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
गृहस्थ जीवन में सुख-शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

**वृष**
शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

**मिथुन**
व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**सिंह**
शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्र वाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

**कन्या**
परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। साहसिक कामों से आज दूर रहें।

**तुला**
लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे।

**वृश्चिक**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

**धनु**
किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

**मकर**
कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

**कुंभ**
आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

**मीन**
गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



विजेन्द्र सिंह
पुलिस निरीक्षक (राज. पुलिस)

नमस्कार मित्रों हमारे आज की शख्यिसत कॉलम के स्टार है पुलिस विभाग के नौगांवा थाने पर जांबाज इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत विजेन्द्र सिंह, जिन्होने अपनी शिक्षा में ही नहीं, अपितु अपनी पुलिस सेवा में भी कई उपलब्धि हासिल कर पुलिस महकमें पर चार चाँद लगाए हैं। इनका जन्म 12 जनवरी 1981 को झून्झनू जिलें के गांव ढाढोत कलां में मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ, इनके पिता श्रीराम बीएसएफ से रिटायर्ड थे, वहीं इनकी माताजी गृहणी है। इन्होने अपनी स्कूली पढाई 10वीं तक गांव के ही सरकारी स्कूल में की, उसके बाद उच्च माध्यमिक की पढाई डालमिया स्कूल चिडावा में पूरी की। कॉलेज शिक्षा में इन्होने बीएससी की पढाई पोददार कॉलेज नवलगढ तथा एमएससी प्राणी विज्ञान डीएवी कॉलेज अजमेर से पूरी की। एमएससी की शिक्षा के दौरान इन्होने कॉलेज टॉप किया। राजकीय नौकरी की शुरूआत वर्ष 2004 में सीआईडी में सहायक उपनिरीक्षक के पद से हुई। इस पद पर इन्होने अपनी सेवा वर्ष 2005 से 2009 तक दी और इस दौरान इनकी तैनाती मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ट में रही। राजस्थान पुलिस सेवा में इनका चयन जनवरी 2010 में आरपीएससी परीक्षा के द्वारा हुआ और इस परीक्षा में ये अव्वल रहे। इस राजकीय सेवा में इनकी प्रथम नियुक्ति विराटनगर थाने में एसएचओं के रूप में हुई,उसके बाद थाना पनियाला, भिवाडी फेज थ्री, नौगांवा, मालाखेडा थाने सहित सायबर सेल में रहे। इस नौकरी के दौरान इन्होने कई बडे मामलों का खुलासा किया और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया। पनियाला थानें में एक साधू का ब्लाइन्ड मर्डर केस का खुलासा इनमें प्रमुख रहा। नौगांवा थानें में पूर्व में तैनाती के दौरान वर्ष 2019 में सुमैया नाम की बच्ची को बोरवैल में गिरने पर अपनी सूझबूझ से स्कूल बैग से निकालने के वाकये ने पुलिस अधिकारियों सहित स्थानीय लोगों द्वारा इनकी प्रशंसा की। थानाधिकारी रहते हुए इन्होने नवाचार के द्वारा सरकारी विद्यालयों में स्कूली बच्चों को पढाने की पहल की और उन्हे शिक्षा के साथ बच्चों को उनकी सामजिक जिम्मेदारी का ज्ञान दिया।

वर्ष 2020 में इनकी प्रमोशन इंस्पेक्टर के पद पर हुआ और इन्होने सीआईं के रूप में एनईबी, शाहपुरा, उधोग नगर थाने पर अपनी सेवा दी। अपने इस कार्यकाल के दौरान इन्होने बडे-बडे मामलों का खुलासा किया। हाल ही में पुलिस द्वारा गिरफ्तारी करने के दौरान पुलिसकर्मियों से मारपीट कर फरार हुए 25 हजार के ईनामी आरोपी फिरोज को भी इन्ही के निर्देशन में बनी पुलिस टीम द्वारा कोल्हापुर से गिरफ्तार कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। वर्तमान में नौगांवा थानाधिकारी के रूप में तैनात है। सिंह वर्ष 2023 से गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय आयोजन में तीन बार परेड का नेतृत्व कर चुके हैं। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 3 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- क्रिस्टोफर कोलंबस ने 1493 में डोमिनिका द्वीप की खोज की।
- इंग्लैंड और फ्रांस ने 1655 में सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन और स्पेन के बीच 1762 में पेरिस की संधि हुई।
- जॉन एडम्स 1796 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये।
- नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये 1857 में आदेश।
- कनाडा में 1869 में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया।
- पनामा को 1903 में कोलंबिया से आजादी मिली।
- 'असम हिन्दी प्रचार समिति' नामक एक संस्था 1938 में कायम की गई।
- भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना पहला भाषण दिया।
- सोवियत संघ ने 1957 में लाइका नाम के कुत्ते को अंतरिक्ष में भेजा था। वो पहला कुत्ता जानवर था जिसने अंतरिक्ष यान में सवार होकर आसमान में पहुंचा और पृथ्वी के चक्कर लगाए।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1958 में परमाणु परीक्षण किया।
- चीन के हमले के मद्देनजर भारत में 1962 में गोल्ड बॉन्ड स्कीम की घोषणा की गयी।
- भारत में 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए।
- वायु सेना ने 1988 में आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया।
- जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन 1997 में कुआलालम्पुर में प्रारम्भ।
- भारत सरकार द्वारा 2000 में डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिये शुरू की गयी।
- अमेरिका ने 2001 में लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
- नखोम पाथोम की बैठक में लिट्टे ने 2002 में राजनीति की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की।
- पाकिस्तान और चीन के बीच 2003 में बीजिंग में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर।
- अमरीका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश तीन नवंबर 2004 को दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए थे।
- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की प्रमुख बेनजीर भुट्टो को 2007 में उनके घर में नजरबन्द किया गया।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 2008 में अपनी उधारी दरों में 0.5 प्रतिशत की कमी की।
- फ्रांस के कैन्स में 2011 में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हुआ जिसमें यूरोजोन ऋण संकट पर चर्चा की गई।

## विशेष आलेख

# महाराष्ट्र के चुनावों पर पूरे देश की नजरें

राकेश कपूर।



राज्यों के हो रहे चुनावों में महाराष्ट्र राज्य की विशेष स्थिति है। यह बड़े राष्ट्रीय मुद्दों पर जनता की रायशुमारी का प्रदेश भी जाना जाता है और आर्थिक मुद्दों पर देश की दिशा तय करने वाला राज्य भी जाना जाता है। फिलहाल भारत की कुल अर्थव्यवस्था तीन लाख करोड़ (थ्री ट्रिलियन) समझी जाती है जिसमें एक लाख करोड़ की अकेली हिस्सेदारी महाराट्र की ही है। इस 20 नवम्बर को महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं जिनमें असली मुकाबला सत्तारूढ़ महायुति गठबन्धन व विपक्षी इंडिया गठबन्धन के बीच होना है। इससे पहले जिन दो राज्यों हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए उनमें एक जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबन्धन विजयी हुआ और दूसरे हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी जीती। इस राज्य में सीधी टक्कर कांग्रेस व भाजपा के बीच थी। हरियाणा के चुनाव परिणामों से सभी राजनैतिक पंडित आश्चर्य में पड़ गये क्योंकि यहां पिछले दस साल से भाजपा सत्ता में थी और इसके शासन के खिलाफ लोग खुल कर बोल रहे थे। इसके बावजूद यहां भाजपा की सरकार बनी। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसा में भाजपा को 47 व कांग्रेस को 37 सीटें ही मिली। मगर महाराष्ट्र के बारे में अभी तक राजनैतिक पंडितों का मत इंडिया गठबन्धन के पक्ष में माना जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि पिछले 2019 के विधानभा चुनावों में लोगों ने क्षेत्रीय पार्टी शिवसेना व भाजपा गठबन्धन के पक्ष में मत दिया था। परन्तु भाजपा व शिवसेना के बीच मुख्यमन्त्री पद को लेकर विवाद इतना गहराया कि शिवसेना ने विपक्षी पार्टियों कांग्रेस व राष्ट्रावादी कांग्रेस से हाथ मिलाकर नया महाविकास अघाड़ी गठबन्धन बनाया और अपने नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में तीनों दलों की सांझा सरकार बनाई। यह सरकार ढाई साल तक चली मगर बीच में ही शिवसेना के बहुमत विधायकों को साथ लेकर एकनाथ शिन्दें ने विद्रोह कर दिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। इसके थोड़े लम्बे समय बाद ही राष्ट्रवादी कांग्रेस के विधायकों ने भी अपनी पार्टी के सर्वोच्च नेता और महाराष्ट्र के लौह पुरुष कहे जाने वाले श्री शरद पंवार से उनके भतीजे अजित पंवार के नेतृत्व में विद्रोह किया और भाजपा के साथ गठबन्धन किया। इस गठबन्धन को महायुति का नाम दिया गया। तब से लेकर आज तक महाराष्ट्र में इसी गठबन्धन की सरकार है। इंडिया गठबन्धन ने इस सरकार को विश्वासघातियों की सरकार तक कहा मगर तथ्य यह है कि विधानसभा में बहुमत वाले महायुति को विधानसभा में चुनौती नहीं दी जा सकती। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय भी पहुंचा। न्यायालय ने शिन्दे के नेतृत्व वाली इस सरकार को अवैध तो घोषित किया मगर इसे बर्खास्त करने जैसा कोई निर्देश नहीं दिया। अब हकीकत यह है कि पूरा मामला लोकतन्त्र की सबसे बड़ी अदालत लोगों की अदालत (चुनाव) के सामने है जिसका फैसला 20 नवम्बर को हो जायेगा। परन्तु महाराष्ट्र भारत का कोई सामान्य राज्य नहीं है। इस प्रदेश में एक से बढ़ कर एक सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत हुए हैं। जिनमें महात्मा फुले से लेकर डा. भीमराव अम्बेडकर के नाम लिखे जा सकते हैं। इसके साथ ही शिवाजी महाराज से लेकर शाहू जी महाराज तक के ऐसे नाम हैं जिन्होंने राज-काज करते हुए सामाजिक बदलाव के बीज रोपित किये। शिवाजी महाराज की पुराने संसद भवन परिसर में मूर्ति भी लगी है। यह मूर्ति शिवसेना के आग्रह पर वाजपेयी सरकार के दौरान लगाई गई थी। इसका एक विशेष मन्तव्य था कि शिवाजी ने अपना राज सामान्य किसानों व अन्य छोटा-मोटा धंधा करने वालों की फौज बना कर जमाया था। जिसे हिन्दवी राज का नाम दिया गया था मगर इसका मतलब 'हिन्दू राज' नहीं था क्योंकि उनके राज में मुस्लिम सम्प्रदाय के लोग भी ऊंचे-ऊंचे पदों पर आसीन थे खास कर फौज में। महाराष्ट्र की विशेषता इसी तथ्य से आंकी जा सकती है कि एक ओर यहां हिन्दू राष्ट्र के पैरोकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है तो दूसरी तरफ बाबा साहेब अम्बेडकर दीक्षा भूमि है। डा. अम्बेडकर ने उसी नागपुर शहर में 1956 में लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी जहां संघ का मुख्यालय है। अत: इसी से स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की राजनीति कोरे नारों से अलग हट कर वैचारिक व सैद्धान्तिक रही है। 2019 से पहले तक इस राज्य में भाजपा व शिवसेना का गठबन्धन राष्ट्रीय स्तर पर काम करता था जिसे देखते हुए शिवसेना भाजपा से बड़ी सहभागी पार्टी थी। मगर 2014 में यह क्रम पलटा। उस वर्ष में भाजपा को शिवसेना से कुछ अधिक सीटें मिली जिसे देखते हुए मुख्यमन्त्री पद भाजपा के पास गया और देवेन्द्र फण्डनवीस मुख्यमन्त्री बने। इसी प्रकार 2019 के चुनावों में भाजपा को शिवसेना से 75 प्रतिशत अधिक सीटें मिली अत: इस बार भी भाजपा अपना मुख्यमन्त्री चाहती थी जिसे शिवसेना ने स्वीकार नहीं किया और गठबन्धन को तोड़ दिया। जिससे महाविकास अघाड़ी की सरकार गठित हुई और इसके मुखिया शिवसेना के संस्थापक स्व. बाला जी ठाकरे के सुपुत्र उद्धव ठाकरे चुने गये। यह कमाल राष्ट्रवादी कांग्रेस के सर्वेसर्वा श्री शरद पंवार का था। शरद पंवार ने कभी समझौता न करने वाली दो पार्टियों कांग्रेस व शिवसेना के बीच करार करा दिया था। दरअसल शिववसेना को पूर्ण रूप से राजनैतिक दल बनाने वाले शरद पंवार ही हैं जिन्होंने शिवसेना को कट्टरपंथी हिन्दुत्व के घेरे से बाहर निकाला और कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टी से इसका मेल कराया। इससे महाराष्ट्र की राजनीति घनघोर मराठावाद से बाहर निकली।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

शुभ दीपावली



ओम प्रकाश खाती
ए क्लास कोन्ट्रेक्टर
की ओर से
दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व पर समस्त क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

Registered
'A' Class contractor
Ravta (Darra Mataji) P.O.-Rajmahal, Tehsil-Deoli (Tonk)
9414992078, 9829749504

VOTE
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।

स्वच्छ भारत
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

शुभ दीपावली



समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं
विजय चौधरी
A Class Contractor
MAA Pitambara Contraction
Devli, Tonk (Raj.)

VOTE
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।

स्वच्छ भारत
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

मानव धर्म शिक्षण संस्थान की ओर से जिलेवासियों, किसान भाईयों भाजपा कार्यकर्ताओं,छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को
दीपोत्सव व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
मानव धर्म शिक्षण संस्थान
पता:-पनवाड़ रोड, एन एच-12 के पास देवली (टोंक)



निदेशक
रणवीर सिंह चौहान

Course
1. M.Ed.SE (MR/IDD)
2. B.Ed. SE (MR/IDD)&(HI)
3. D.Ed. SE (MR/IDD)&(HI)
4. B.A. & B.Sc.

VOTE
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।

स्वच्छ भारत
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

VOTE
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।



स्वच्छ भारत
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

मेसर्स संजय जांगिड़
कंस्ट्रक्शन सी क्लास
कांट्रेक्टर रावता माताजी, पोस्ट : राजमहल देवली
मो. 9414212078

# मुख्यमंत्री शर्मा ने किया वीपीएल के पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विजय वर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान (पंजी.) राजस्थान द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विजय वर्गीय समाज की सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता ऑल इंडिया विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन – 8 के पोस्टर का विमोचन राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जयपुर नगर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावत ने किया। स्वस्थ युवा सक्षम समाज एवं समर्थ राष्ट्र की कामना के साथ ,टीम वीपीएल अनवरत पिछले 8 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर समाज की युवा शक्ति को सर्वोत्तम प्लेटफार्म उपलब्ध करवा रही है इस प्रतियोगिता में देश भर के विजयवर्गीय समाज के दिग्गज पेशेवर क्रिकेटर भाग लेते हैं। यह प्रतियोगिता राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकैडमी जगतपुरा जयपुर में 15 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक खेली जाएगी। सभी मैचो का पिंक सिटी मीडिया नेटवर्क पर यूट्यूब लाइव एवं क्रिक हीरोज स्कोरिंग एप के द्वारा लाइव स्कोरिंग की जाएगी। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन 5 नवंबर से 15 नवंबर 2024 तक होंगे।

20 जनवरी 2024 को विवेक विहार स्थित सस्थान के कार्यालय पर ड्राज द्वारा शेड्यूल निर्धारित करके, जारी किया। जाएगा ,जिसका पिंक सिटी मीडिया द्वारा लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक डॉ दिनेश दुब्बी अशोक , गिरधर विजय, राजेश चोगाई ,बनवारी बांदीकुई देवेन्द्र कुमार ,राकेश विजय, हर्ष अंकुर, आशीष कृष्ण गोपाल, मनोज पीयूष आदि उपस्थित रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव, भगवान को लगाया अन्नकूट का भोग, गोवर्धन की हुई पूजा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली पर्व श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीप महोत्सव के चलते हर आंगन में खुशी व उमंग का माहौल था। हर कोई बाजार से सामान लाने में व्यस्थ था तो कोई लक्ष्मी पूजन की तैयारियों में व्यस्थ थे। सभी रंग बिरंगे परिधान पहनकर दीपावली पर्व पर उत्साह पूर्वक काम कर रहे थे। वही लोगों ने मोबाईल, व्हाटसप एवं फेसबुक द्वारा लोगों को एक दूसरे को दीपावली की बधाईयां दी। शुक्रवार को शुभ मुहुर्त के अनुसार लोगों ने मां लक्ष्मीजी की विधिवत मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मनोकामना की। वहीं महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों में सजकर मंदिरों व घर-घर दीप दान किया। तो बच्चों एवं युवाओं ने जमकर आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। महालक्ष्मी पूजन के बाद सभी ने एक दूसरे के घर पहुंचकर दीपावली की शुभ कामनाएं एवं बधाईया दी। शनिवार को अन्नकूट महोत्सव पर मायला कुण्ड स्थित भोलेश्वर महादेव, दादू दयाल आश्रम, कुंज बिहारी आश्रम, गोरीशंकर महादेव, राधा दामोदर मंदिर, चिंताहरण गणेशजी के मंदिर, भगवान लक्ष्मीनाथ, बावडी वाले बालाजी के मंदिर, चारभुजा नाथ, शक्ति पीठ कंकाली माता मंदिर, श्याम मंदिर, कर्षि उपज मंडी में भगवान लक्ष्मीनारायणजी के मंदिर व श्री राधागोपीनाथ मंदिर सहित अनेक मंदिरों में भगवान की मनमौहक झांकिया सजाकर भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई।।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार शाम को गोधूलि बेला में किसानों ने बेल एवं वाहनों का पूजन करके घरों के बाहर गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा अर्चना की। इसी प्रकार सभी गांवों में श्रद्धा पूर्वक तीन दिवसीय दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया।

## जिले में 2.19 करोड़ में बनेंगी सड़क और पुलियाः अतिवृष्टि से हो गई थी क्षतिग्रस्त, प्रशासन ने दी वित्तीय मंजूरी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मानसूनी सीजन में इस बार बारिश ने धौलपुर जिले में भारी तबाही मचाई। लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से जिले की सड़कों के साथ पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिनकी मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं।

जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलियाओं की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत व फिर से बनाने के लिए कुल 2 करोड़ 19 लाख 57 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला कलेक्टर व पदेन अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनिधि बीटी ने बताया कि सड़कों एवं पुलियाओं की मरम्मत हेतु ब्लॉक बाडी के 49 कार्यों के लिए 62 लाख 52 हजार रुपए, ब्लॉक बसेड़ी के 28 कार्यों के लिए 26 लाख 46 हजार रुपए, ब्लॉक राजाखेड़ा के 68 कार्यों के लिए 55 लाख 78 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। कलेक्टर ने बताया कि इनके अलावा ब्लॉक सरमथुरा के 18 कार्यों के लिए 16 लाख 50 हजार रुपए और ब्लॉक सैपऊ के 44 कार्यों के लिए 58 लाख 31 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई सड़क और पुलिया की मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

## चोरों ने मकान से रुपए और गहने किए चोरीः दीपावली मनाने गांव गया था पीड़ित परिवार, पीड़ित ने पड़ोसी पर जताया शक

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र की सूर्य नगर कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के गहनों के साथ 27 हजार रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार दीपावली का पर्व बनाने अपने गांव गया था। जहां से लौटने के बाद उसे चोरी की वारदात का पता चला। घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है।पीड़ित भूपेंद्र दुबे पुत्र राम लक्ष्मण दुबे ने थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार मनाने के लिए अपने पैतृक गांव कठुमरा गया हुआ था।
























# दीपोत्सव पर मालपुरा की धरती हुई जगमग

## लक्ष्मी पूजन के बाद अन्नकूट महोत्सव आयोजित

## जलदाय मंत्री चौधरी ने की शहरवासियो से रामाश्यामा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में छ दिवसीय दीपोत्सव के तृतीय दिन घरो में गोवर्धन पूजा व मन्दिरो में अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुए। मालपुरा क्षैत्र में गुरूवार को घरो, दुकानो व व्यापारिक संस्थानो में धन व यश की देवी माता लक्ष्मी की पूर्ण विधि विधान से पूजा की गई। इसके अलावा परम्परा के अनुसार गुर्जर समाज के लोगो ने अपने पूर्वजो की याद जल स्त्रोतो पर पहुंच कर छांट भरी। इस बार दो अमावस्या होने के चलते कुछ घरो व दुकानो में शुक्रवार को भी माता लक्ष्मी की पूजा हुई। इसी दिन प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी सहित शहर के प्रबुद्धजनो के साथ हिन्दु समरसता मंच की ओर से बारादरी बालाजी मन्दिर में पूजा अर्चना में भाग लिया। यहां से जलदाय मंत्री चौधरी शहर के प्रबुद्धजनो के साथ शहर के बाजारो में पैदल चलकर सभी रामा श्यामा कर दिपोत्सव की बधाई दी। रामा श्यामा के दौरान शहर में अनेक स्थानो पर शहरवासियो ने जलदाय मंत्री चौधरी को मालाऐं पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया। इसी दौरान शहर के कुछ लोगो ने आम जन से जुड़ी समस्याओं से भी अवगत कराया। चौधरी ने भी शहर में व्याप्त समस्याओं का शीध्र समाधान करवाने की बात कहकर सम्बन्धित अधिकारियो को आम जन से जुड़ी मुख्य समस्याओं का शीध्र समाधान करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान चौधरी के साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, महामंत्री रमाकान्त पटेल सहित भारी संख्या में शहरवासी मौजुद रहे। वहीं दीपोत्सव के तृतीय दिन शनिवार को महिलाओं ने सुबह सवेरे गोवर्धन की पूजा की घर परिसर में सुख समृद्धि की कामना की। शाम के समय मन्दिरो में अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुए। जिसमें ठाकुर जी को नए घान का भोग लगाया जाकर महाआरती के बाद अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। इसी क्रम में रविवार को भैया दूज का पर्व आयोजित होगा। जिसमें बहिने अपने अपने भाईयो के रोली का तिलक लगाकर हाथो में मोली बांघ कर जीवन भर रक्षा करने का संकल्प प्राप्त करेगी।

**समरसता मंच के कार्यक्रमो में उमड़े लोग :** समरसता मंच की ओर से इस बार दीपोत्सव पर कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमें दीपोत्सव के दिन से शहर में अल सवेरे सामूहिक प्रभातफेरी के कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें शहर के सभी प्रभातफेरी मंडलो ने अलग अलग हिस्सो में प्रभातफेरी निकाली। वहीं लक्ष्मी पूजन के दिन गांधी पार्क, सुभाष सर्किल व व्यास सर्किल पर अलग अलग रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिसमें सुभाष सर्किल पर आयोजित कार्यक्रमो का शुभारम्भ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी , वृताधिकारी आशिष प्रजापत , नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने आरती कर कार्यक्रमो का शुभारम्भ किया।

**सजावट व रोशनी ऐसी कि जैसे मालपुरा का श्रंगार चांद सितारो ने किया हो :** इस बार उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के अथक प्रयासो से मालपुरा शहर में दिपोत्सव पर आकर्षक सजावट का काम नि:शुल्क किया गया। सजावट भी ऐसी हुई कि जैसे मालपुररा की धरती का श्रंगार ही चांद सितारो ने किया हो। मालपुरा शहर की आकर्षक व लोक लुभावनी सजावट को देखने के लिए शहरवासी लक्ष्मी पूजन के दिन देर रात तक बाजारो में रूके रहे।

### जमकर हुई आतिशबाजी :

रिकार्ड महंगाई के बावजूद दिपोत्सव पर आतिशबाजी की परम्परा का जमकर आनन्द लिया। लोगो ने धनतेरस के दिन से ही आतिशबाजी करनी शुरू की। वहीं आतिशबाजी का दौर शनिवार को शहर व गांवो में भी जमकर हुआ।

# कंचनपुर में बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला : परिवार ने पूर्व विधायक ने लगाई गुहार, जल्द न्याय दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** बाड़ी के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुरीन का पुरा गांव में 30 अक्टूबर बुधवार को दिन में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की लाठी, डंडों और सरियों से पीट-पीट कर हत्या हुई थी। साथ में महिला के तीन पुत्र और एक बहू उक्त हमले में घायल हुए थे। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। ऐसे में पीड़ित परिवार सदमे और दहशत में है। जिसको लेकर आज पीड़ित परिवार और ग्रामीणों द्वारा मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा में गुहार लगाई है। कुरीन का पुरा गांव निवासी ताराचंद जाटव ने बताया-उनके घर पर 30 अक्टूबर को सुबह 8 से 9 बजे के बीच गांव के आरोपी गुलजारी, देवेंद्र, अजीत सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी, डंडों और सरियों से लैस होकर हमला किया था। हमले में उनकी बुजुर्ग मां रामो (70) पत्नी स्वर्गीय रामबाबू जाटव की लगातार पीटने के चलते मौके पर ही मौत हुई थी। वहीं घटना में अतिवीर, ताराचंद, किशन पुत्रगण स्वर्गीय रामबाबू जाटव और सुरजवती पत्नी योगेश घायल हुए थे। घटना को लेकर कंचनपुर थाने में मृतका के पुत्र ताराचंद ने मामला दर्ज कराया है। मगर घटना के चार दिन बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई है। जिससे परिवार दहशत में है। ऐसे में पीड़ित परिवार ने कुछ ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा से मामले में कार्रवाई को लेकर गुहार लगाई है।

पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने बताया कि मामला एससी एसटी एक्ट और हत्या का है। गांव कुरीन के पुरा में उक्त घटना हुई थी। जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने उनसे गुहार लगाई है। मामले की जांच सैपऊ सीओ अनूप सिंह को सौंपी गई है। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर उक्त मामले में जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।







सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

युग उद्योग मसाले
ममता सर्किल, मजिस्द के पास

मुकेश गर्ग
पूर्व अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी
हरीश चन्द्र मीना
सांसद, टोंक-सवाई माधोपुर
देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र वासियों से 'एक अपील'
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 13 नवंबर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करे
- अपने शहर और क्षेत्र को सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान अवश्य दें
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

# भक्तों ने पाई अन्नकूट की प्रसादी, गोवर्धन को पूजा

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** शहर में आज शनिवार को अन्नकूट की प्रसादी जग-जग मंदिर में बनाई गई। साथ ही भक्तों पर प्रसादी बांटी गई! शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर शास्त्री नगर में भगवान राधा कृष्ण के भोग लगाकर अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री ने बताया कि 21 वर्ष से मंदिर में अन्नकूट का आयोजन किया जाता है जिसमें समस्त कॉलोनी वासियों को प्रसाद वितरण का आयोजन होता है। शनिवार को पूरे दिन अमृत काल में भक्त गोवर्धन की पूजा की। अन्नकूट के अवसर पर शनिवार को नए अनाज का शुभारंभ भगवान को भोग लगाकर किया गया। गौरतलब है कि गोवर्धन पूजा से पूर्व इस दिन नए अनाज का शुभारंभ भगवान को भोग लगाकर किया जाता है। दीपावली के एक दिन बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा तथा अन्नकूट का महोत्सव मनाया जाता है। इस दिन गोवर्धन और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। इसके साथ ही गाय और नंदी की पूजा की जाती है।

मां कामाख्या शोध संस्थान (खेरदा) सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ताराचंद शास्त्री के अनुसार, इस दिन नए अनाज का शुभारंभ भगवान को भोग लगाकर किया जाता है। मुख्य मंदिरों में कढ़ी-चावल, खीर, मिठाईयां, पुवा, पूड़ी आदि बनाई जाती है.पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार, गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाने के बाद अन्नकूट को अलग-अलग बांटने की बजाय इकट्ठा बांटा जाता है. इस मिश्रण का स्वाद बहुत अच्छा होता है. महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है।



## श्री मुरलीधर गौशाला मे गोवर्धन पूजा कर, गौ पुजन कर, कराया गौ भौज



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** झालावाड़ मनोहरथाना कस्बे में स्थित श्री मुरलीधर गौशाला मे गोवर्धन पूजन पर्व पर गोवर्धन पुजन कर, गौ माता का पूजन का आयोजन किया गया ।

गौशाला समिति द्वारा सवा सौ किलो गुड दलिया का भोग लगाकर नगर में सभी के लिए मंगलकामनाएं कि गईं, समिति (संरक्षक) सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा बताया गौशाला समिति में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजन के साथ ही गौ माता का पूजन किया गया विधिवत विधान से पूजा अर्चना की गई जहां , गौशाला समिति अध्यक्ष दीपक राठी द्वारा गौ सेवादारो का माल्यार्पण करके सभी को वस्त्र इत्यादि अर्पित किए गए वहीं अभिषेक पाटनी समिति कोषाध्यक्ष सभी पदाधिकारी समिति आतिशबाजी करने के साथ ही गौशाला में उपयोग में आने वाले संसधानो ट्रैक्टर इत्यादि की पूजा की गई, इस मौके पर समिति के पदाधिकारी अत्री गौतम ,घनश्याम भंडारी, जितेंद्र चतर, जगदीश सोनी, गौशाला समिति अध्यक्ष दीपक राठी, समिति कोषाध्यक्ष अभिषेक पाटनी, समिति उपाध्यक्ष अर्पित, नवीन जैन, देवेंद्र ,ब्रजेश बागला ,सीएअंशुल जैन, जयेश गुप्ता, पंकज महेश्वरी, ओम सोनी, शिवशंकर मैहरा, रजनीश वर्मा,नटवर नागर , गिरीराज बांगला, अमित परतानी ,रिना लोधा रटलाई, सहित समिति सदस्य व ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने पुण्य कार्य में भाग लिया ।

## कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल व चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधाकिशन मेघवाल ने कार्यकारणी का किया विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(नि.स.)।** कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल व चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधाकिशन मेघवाल ने मेघवाल महासभा की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल की सहमति से घनश्याम मेघवाल (देवली खुर्द) को रामगंज मंडी तहसील अध्यक्ष व दुर्गेश मेघवाल (अरलाई) को चेचत तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया इसी के साथ मोहन लाल मेघवाल (ढाबादेह ) को कोटा जिला उपाध्यक्ष व विनोद कुमार मेघवाल (मंडा) को रामगंज मंडी तहसील उपाध्यक्ष ओर भंवर लाल मेघवाल (बड़ोदिया) को चित्तौड़ जिला उपाध्यक्ष ओर रंगलाल मेघवाल एडवोकेट (मंडली) को रामगंज मंडी नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया ।जानकारी के लिए बता दें इन दोनों प्रदेश भर में मेघवाल महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है इसी कड़ी में कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल चित्तौड़ जिला अध्यक्ष राधा किशन मेघवाल की अनुशंसा में प्रदेश अध्यक्ष इंद्रराज सिंह मेघवाल की सहमति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान अवश्य दें।
VOTE
नवल मंगल इंजीनियर
सौजन्य से : इंजीनियर नवल मंगल समाजसेवी

## छप्पर पोस मकान में आग लगने के कारण पिता, पुत्री दोनों आग में जलने से हुए घायल आग में जलने से हुई एक गाय की मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शुक्रवार की देर रात को कीर कॉलोनी स्थित एक मकान में अज्ञात कारणो से आग लगने के कारण पिता पुत्री दोनों आग में बुरी तरह झूलस गए। पीड़ित लक्ष्मीनारायण सैनी ने बताया कि देर रात को उसके मकान में स्थित छप्पर पोस मकान में अज्ञात कारणो से आग लग गई जिसमें एक गाय की जलने से मौत हो गई तथा गाय का बछड़ा बुरी तरह झूलस गया इस दौरान छप्पर पोस मकान में रखे हुए एक पलंग, तीन चार पाई, करीब प्लास्टिक के सौ केरेट एवं गाय का चारा जलकर राख हो गया ।उन्होंने बताया कि आग से उसकी पुत्री तनीषा भी बुरी तरह से झूलस गई है सभी मोहल्ले वासियों के मिलकर प्रयास करने से आग पर काबू पाया गया।

**झूले हुए तारों के कारण अग्निशमन गाड़ी का नहीं हो पाया उपयोग :** आग लगने की सूचना अग्निशमन गाड़ी को भी दी गई गाड़ी समय पर ही मौके पर पहुंच गई थी लेकिन बिजली विभाग के झूले हुए तारों के कारण घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई जिससे अग्निशमन गाड़ी का कोई उपयोग नहीं हो पाया इस दौरान लोगों में बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त रहा। लोगों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है इसके बाद भी विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधायक की जनसुनवाई में पार्षद मैना सैनी ने भी इन ढीले तारों का मुद्दा उठाया था लेकिन आज दिन तक विभाग द्वारा इन ढीले तारों का कोई समाधान नहीं किया गया है । इससे साफ जाहिर हो रहा है कि बिजली विभाग के अधिकारी लोगों की समस्याओं को लेकर बेपरवाह बने हुए हैं ।

समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपोत्सव एवं भाई दूज
के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


श्री नरेश कुमार गोयल
श्री कृष्ण कुमार गोयल
Prem Stone Industries
Rahul Stone Industries
इंडस्ट्रियल एरिया रीको, देवली
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को दीपोत्सव एवं भाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिन्दल कार
टाटा मोटर्स की पैसेंजर कार Harrier, Nexon Punch, Tigo, Tigor Tiago एवं इलेक्ट्रीक व्हीकल सेल्स हेतु उपलब्ध है।
TATA
सम्बंधित फर्म : जिन्दल मोटर्स
टाटा कॉमर्शियल व्हीकल एवं सर्विस सेंटर
Sale & Service
सहिल जिन्दल
मो. 9521736330
Sale & Service
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

## ताश के पतो पर जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

### जुआरियों के कब्जे से 19 हजार रुपए की राशि हुई बरामद

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (नि.स.)।** स्थानीय पुलिस ने ताश के पतों पर जुआ खेलते हुए पांच जनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19010 की नकद राशी बरामद की। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में जूआ सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत किशोरी लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ व रोहित सांखला आरपीएस वृताधिकारी वृत तारानगर के निकट सुपरवीजन में साहवा थानाधिकारी अल्का बिश्नोई के नेतृत्व मे करवाई करते हुए दीपावली पर्व के मध्यनजर ईलाका थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम का गठन कर आवश्यक करवाई की गई। सहायक उप निरीक्षक कैलाश चंद्र ने पुलिस टीम के साथ करवाई करते हुए शुक्रवार को पुनसीसर गांव में मोमबती की रोशनी में पांच व्यक्तियों को ताश के पतों पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में भंवर लाल पुत्र नन्दराम जाति जाट उम्र 30 साल निवासी पुनसीसर, भरत सिंह पुत्र मोहर सिंह जाति मेघवाल उम्र 22 साल निवासी पुनसीसर , बिरजलाल पुत्र तारूराम जाति मेघवाल उम्र 32 साल निवासी पुनसीसर, सुभाष पुत्र सुलताना राम जाति जाट उम्र 25 साल निवासी पुनसीसर व कुम्भाराम पुत्र गिरधारी लाल जाति नायक उम्र 35 साल निवासी पुनसीसर को गांव पुनसीसर से ताश के पतों पर दांव लगाकर जुआ खेलते 52 ताश पते मय जुआ राशि 19010 रूपये के जब्त कर गिरफ्तार किया।

समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
दीपोत्सव एवं भाई दूज
के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


तनसुख बेरवा
पूर्व पालिका उपाध्यक्ष देवली
राजेंद्र गुर्जर
भाजपा प्रत्याशी देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र
जनहित में अपील
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
- अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

# इलाज के दौरान आईटीबीपी के जवान की मौत, ब्रेन डिजीज से थे पीड़ित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान की शुक्रवार रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जवान की मौत के बाद उसके शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। जिसका पोस्टमॉर्टम कराने के बाद भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों द्वारा सम्मान देने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। आइटीबीपी में तैनात जवान प्रमोद कुमार शर्मा (35) पुत्र दौलत राम शर्मा लालोनी थाना कंचनपुर अलवर के रामगढ़ कैंप में तैनात थे।

जो पिछले 6 महीने से ब्रेन डिजीज से पीड़ित चल रहे थे।



जवान की तबीयत खराब होने के बाद वह कैंप से छुट्टी लेकर 27 अप्रैल को घर आए थे। जिसके बाद से ही उनका घर पर इलाज चल रहा था।

मृतक जवान प्रमोद के परिजनों ने बताया कि दीपावली से पूर्व तबीयत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने देर रात को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए करवाएं वार्षिक भौतिक सत्यापन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन में सभी पात्र लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन समयबद्ध रूप से कराया जाना आवश्यक है, इसके लिए जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा एक आदेश जारी कर उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारो, विकास अधिकारियों, आयुक्त नगर परिषद् एवं नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर से एंड्रॉइड मोबाइल पर Rajssp App एवं Face Id App डाउनलोड करवाकर भौतिक सत्यापन करवाया जा सकता है। पेंशनर्स के फिंगर प्रिन्ट नहीं आने की स्थिति में पेंशन स्वीकृत अधिकारी द्वारा पेंशनर का आधार व जनाधार कार्ड अपलोड कर भौतिक सत्यापन करवाया जा सकता है।

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की लख लख बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
हरिओम मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर, गणेश रोड देवली
श्री बालाजी मेडिकल राजकीय चिकित्सालय के सामने
हरिओम मेडिकल एजेन्सी गणेश रोड देवली
केकड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी
विकास मंगल 92140 42627
प्रज्वल मंगल 82904 72474
प्रमोद मंगल मो. 9214007759



प्रतिष्ठानः- हरिओम मेडिकल, अंग्रेजी दवाईयों के थोक विक्रेता गणेश रोड़, देवली
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 13 नवंबर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें
जनहित में अपील
❑ सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
❑ अपने शहर और क्षेत्र को सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान अवश्य दें
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत
स्वच्छ भारत

दीपोत्सव व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
जहां श्रेष्ठ परिणाम एवं सुसंस्कृत संस्कार ही पहचान है
Reg. 47 / TONK / 2012-13
Reg. Code-RJBWR29180
RAJASTHALI SCHOOL
कम समय मे सर्वाधिक प्रगति करने वाला विद्यालय
प्ले ग्रुप से कक्षा 8वीं तक
कुलदीप वैष्णव द्वारा संचालित
अंग्रेजी माध्यम
राजस्थली शिक्षण संस्थान
बस सुविधा
शिक्षण संस्थान
खेलकूद ग्राउंड







सलोनी (प्रधानाध्यापिका) Mob. 9166172944, 9413142944
पता :- (राजस्थली कॉलेज) एजेंसी एरिया गुर्जर मोहल्ला ज्योति कॉलोनी, ऊंचा (जहाजपुर) जिला-भीलवाड़ा
जनहित में अपील
VOTE
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
▪ सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
▪ अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।

केदार कन्स्ट्रक्शन
देवली की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं




कैलाश चतुर्वेदी
कॉन्ट्रेक्टर
पटेल नगर, देवली
STOP USING SINGLE-USE PLASTIC
जनहित में अपील
VOTE
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
▪ सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
▪ अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।





श्याम परिवार संस्था देवली
की ओर से दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व पर समस्त क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
जनहित में अपील
VOTE
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 13 नवम्बर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें।
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
▪ सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें
▪ अपने शहर और क्षेत्र के सुंदर और स्वस्थ बनाएं रखने में अपना योगदान अवश्य दें।


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीराम स्लेट एण्ड ग्रेनाईट हाऊस
ग्रेनाईट होलसेलर
ग्रेनाईट 50/- Sq.ft. में उपलब्ध
आधुनिक मशीनों द्वारा अब देवली में सभी कलर का ग्रेनाईट उपलब्ध है।
किशनगढ़ से कम रेट पर ग्रेनाईट उपलब्ध है।
कोटा स्टोन, ग्रेनाईट एवं मार्बल बाजार से कम दाम पर उपलब्ध है।
एम. मंगल
विष्णु मंगल
मो. 9414203808
फैक्ट्री : एन.एच. 12 जयपुर रोड, पनवाड़ मोड के आगे, एस्सार पेट्रोल पम्प के पास, देवली (टोंक)
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 13 नवंबर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें
जनहित में अपील
सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करे
अपने शहर और क्षेत्र को सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान अवश्य दें
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत



समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की लख लख बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीराम क्लिनिक
मारूति मेडिकल एंड जनरल स्टोर
डॉ.हुकम चन्द
अभिशेक साहू
श्रीराम क्लीनिक
बुद्धिप्रकाश साहू
देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में 13 नवंबर 2024 को क्षेत्र के सभी मतदाता मतदान अवश्य करें
जनहित में अपील
सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करे
अपने शहर और क्षेत्र को सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में योगदान अवश्य दें
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत



नगर पालिका मंडल, भवानीमण्डी
की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल मीणा
उपाध्यक्ष, नगर पालिका भवानीमंडी
मनीष मीणा
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भवानीमण्डी
कैलाश बोहरा
अध्यक्ष-नगर पालिका, भवानीमण्डी



सभी देश वासियों को
दीपावली
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
एम.एस.आई. स्टोन
झालावाड़ (राज.)
हाजी मुजीब खान


आप सभी को
दीपावली
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
चौहान मिनरल्स
जुल्मी रामगंजमंडी


ग्राम पंचायत बोलियाबुजुर्ग
की ओर से आप सभी क्षेत्र वासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जन्म-मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र बनवाएं।
गांव को स्वच्छ बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।
वृक्षारोपण को जन आन्दोलन बनाकर वृक्ष लगायें
गिरिराज भील
सरपंच
ग्राम पंचायत, बोलियाबुजुर्ग
विजय राठौर
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, बोलियाबुजुर्ग
सौजन्य से:- उप सरपंच एवं समस्त वार्ड पंच, ग्राम पंचायत बोलियाबुजुर्ग


ग्राम पंचायत बड़ोदिया,
पंचायत समिति झालरापाटन
आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं
बालचंद पाटीदार
सरपंच
रोहित शर्मा
ग्राम विकास अधिकारी


शुभ एवं मंगलमय
दीपावली
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सौजन्य से
राजीव मिश्रा कॉन्ट्रेक्टर
कोटा (राज.)










# बाड़ी निवासी शबनम खान बनी कांग्रेस महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष

## कांग्रेस और सेवादल की मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव में जीत पर रहेगा फोकस : शबनम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी ऑल इंडिया कांग्रेस सेवादल के चीफ ऑर्गेनाइजर लाल जी देसाई द्वारा राजस्थान में 24 महिला सेवादल जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिसमें धौलपुर से शबनम खान को जिला अध्यक्ष बनाया है। बाड़ी निवासी शबनम खान वर्तमान में बाड़ी ब्लॉक महिला सेवादल की अध्यक्ष है।

उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष और ऑल इंडिया कांग्रेस सेवादल के चीफ ऑर्गेनाइजर का आभार जताया है। ऑल इंडिया कांग्रेस सेवादल द्वारा जारी प्रेस नोट में लालजी देसाई ने आर्गेनाइजेशन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत को भेजी लिस्ट में धौलपुर से शबनम खान को जिला महिला सेवादल अध्यक्ष नियुक्त किया है। सेवादल की महिला जिला अध्यक्ष बनने पर जिला सेवादल महासचिव रोशनी शिवहरे ने मिठाई खिलाकर और बटकर शबनम खान को दीपावली के शुभ अवसर पर बधाई दी शबनम खान पत्नी नासिर खान ने बताया कि उनका कांग्रेस से अटूट रिश्ता है।

उनकी सास वर्तमान में नगर पालिका की वार्ड 6 से कांग्रेस से पार्षद है। वहीं पति भी कांग्रेस से जुड़े हुए है। उन्होंने बताया की सेवादल के चीफ ऑर्गेनाइजर लाल जी देसाई ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी है और प्रदेश प्रभारी हेमसिंह शेखावत ने उन पर जो विश्वास जताया है। उस पर भी खरी उतरेगी। सेवादल के साथ कांग्रेस की मजबूती पर काम किया जाएगा और संगठन के साथ पार्टी राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीटों को जीते। इसके लिए सेवादल के पदाधिकारियों के साथ संबंधित विधानसभा क्षेत्र में जाकर जनसंपर्क किया जाएगा।



### फर्जी कुष्ठ रोग प्रमाण-पत्र से पेंशन प्राप्त करने वालों की होगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले में फर्जी कुष्ठ रोग प्रमाण–पत्र के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त करने वालों की जांच के आदेश जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा दिए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत विशेष योग्यजन श्रेणी में फर्जी कुष्ठ रोग के प्रमाण–पत्रों की जांच की जाकर दोषी पाए जाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार वसूली एवं अन्य कार्यवाही की जाएगी।

### ग्राम पंचायत कोटडी में दिपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान


**झालावाड़ ( नि.स. )।** झालावाड़ ग्राम पंचायत कोटडी के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर समस्त स्टाफ एवं वार्ड पंचों व स्वच्छता कर्मीयो के साथ दिपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया सभी ने एक साथ पूजा अर्चना कर एक दूसरे का मुंह मिठा करवाया दीपावली के इस पावन पर्व पर सरपंच हरिराम गोचर ने सभी वार्ड पंचों व वार्ड पंच प्रतिनिधियों का माला पहनाकर स्वागत किया और कोमन यूनिफॉर्म व मिठाई गिफ्ट भेंट किए ओर दिपावली की शुभकामनाएं दी इस दौरान विशेष तोर पर स्वच्छता कर्मियों का सभी स्टाफ ने माला पहनाकर वह गिफ्ट पैक ,साड़ी, मिठाई का पेकेट देकर स्वागत किया अन्त सरपंच हरिराम गोचर ने सभी साथियों को धन्यवाद दिया।

### एक दीपक पौधे के नाम 201 पौधों पर दीपक लगाकर किया प्रकृति का वंदन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( फिरोज खान वारसी )।** झालावाड़ शिवम पाटीदार की पहल से बाबा राम देव समिति ने ग्राम पंचायत सेमलीखाम के ग्राम गरवाडा मे बाबा रामदेव परिसर, चारागह विकास मे इस वर्ष लगाए गए पौधे के साथ दीपावली मनाई, शिवम पाटीदार ने बताया की बाबा रामदेव समिति के सभी सदस्य और ग्राम वासियों ने मिलकर 201 दीपक बाबा के परिसर और पौधे पर लगाए साथ ही पौधों की आरती भी की साथ ही महिलाओ ने पौधे के परिसर मे सुन्दर सुन्दर रंगोलिया बनाई ओर सभी ने फूलझड़िया जलाते हुए मिठाई बाटकर पौधे के साथ खुशियाँ मनाई, जिससे पूरा प्रकति मय परिसर जग मग हो गया इस तरह प्रकति का वंदन किया गया, वही सभी को शिवम पाटीदार ने दीपावली की शुभकामनायें देते हुए हर पौधे को अपना परिवार का सदस्य मानते हुए पौधे की सुरक्षा के लिए समझाईश की।






# श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** पिंजरापोल गौशाला समिति के सदस्य राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि 2 नवंबर 2024 को प्रात: 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक देसी गौ माता के गोबर से निर्मित गोवर्धन महाराज की पूजा आरती एवं परिक्रमा की गई। सांगानेर गौशाला समिति के मंत्री श्री विवेक जी लड्डा ने गोवर्धन महाराज के परिक्रमा कर गौभक्तों की खुशहाली की मंगल कामना करते हुए महोत्सव का शुभारंभ



किया।सांगानेर गौशाला में श्री गौसेवा संकीर्तन मंडल के सदस्य श्री दिनेश जी गर्ग के नेतृत्व में 21 फीट लंबा गोवर्धन पर्वत की झांकी देसी गौ माता के गोबर से निर्मित की गई। दिनभर में हजारों गौभक्त एवं धर्म प्रेमी लोग सांगानेर गौशाला पधारकर भगवान गोवर्धन को अन्नकूट का भोग लगाए एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए एवं परिक्रमा लगाई।गोवर्धन पूजा महोत्सव में श्री राधेश्याम विजयवर्गीय, विवेक लड़ा, शंकर लाल सोनी, रामअवतार लकड़ा, दिनेश गर्ग, रमेश नईवाल, उमाशंकर गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा, रमेश कूलवाल, कानाराम माली, शिवरतन विजयवर्गीय, मुकेश भारद्वाज, मगेंद्र शर्मा, गोपाल सैनी, नीरज शर्मा, विष्णु पारीक, प्रयागराज विजय वर्गीय सहित हजारों लोगों ने परिक्रमा लगाई।




## पटाखे चलने की वजह से लगभग 20 आंखों के मरीज नेत्र विभाग एमबीएस अस्पताल में आए

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (कोटा) (नि.स.)।** विभाग अध्यक्ष डॉ अशोक मीणा ने बताया कि। पिछले दो दिन में दिवाली पर पटाखे चलने की वजह से लगभग 20 आंखों के मरीज नेत्र विभाग एमबीएस अस्पताल में आए।

पटाखे चलाने की वजह से मरीजों को आंखों में। सामान्य से गंभीर चोट आई। मरीजों की उम्र। 10 से 22 वर्ष थी ज्यादातर मरीजों को सामान्य चोटें थीं। लगभग चार मरीजों को गंभीर चोटे की वजह से उनको दिखना बंद हो गया था। ज्यादातर मरीजों का दवाई लेकर इलाज किया जा रहा है।

एक मरीज का पटाखे चलाने की वजह से कांच का टुकड़ा आंख में चला गया। जिससे मरीज की आंख फट गई साथ में आंख की पलक भी कट गई और दिखाना बंद हो गया। इसके लिए मरीज को आंख का ऑपरेशन किया गया। एक मरीज का पटाखे (अनार) चलाने की वजह से चेहरा झुलस गया।






## शॉर्ट सर्किट से जूस सेंटर की दुकान में भभकी आग..मशीनें, डीप फ्रीजर, सामान जलकर खाक, 18 लाख के नुकसान का दावा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के पंचायत समिति तिराहा स्थित एक जूस सेंटर की दुकान में दिवाली की रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आंख से दुकान में रखें जूस की मशीन हड्डी फ्रीजर सहित सारा सामान चलकर खाक हो गया। दुकानदार का दावा है कि आगजनी में करीब 18 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में आग भभकती देख दुकानदार सदमे में आ गया और गश खाकर मौके पर ही बेहोश हो गया। जिसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। घटना का पता लगने पर सुबह लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। दुकान में गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे, लेकिन गनीमत रही कि आग सिलेंडर तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जूस सेंटर दुकानदार राधेश्याम ने बताया कि गुरुवार शाम वह दुकान को बंद करके घर चला गया था। रात करीब 12 बजे पड़ोसी दुकानदारों ने दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा। दुकान में आग लगती देख वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। जिन्होंने आग पर कंट्रोल पाया। दुकानदार राधेश्याम का कहना है की दुकान के अंदर जूस और सॉफ्टी आइसक्रीम बनाने की मशीनें, डीप फ्रीजर, बिजली की वायरिंग, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, नमकीन, फल आदि सबकुछ जलकर खाक हो गया। इससे करीब 18 लाख रुपए का नुकसान हो गया। हेड कांस्टेबल नेतराम मीणा ने बताया कि सूचना पर वे मौके पर पहुंचे थे। फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

# दिपावली का त्यौहार दो दिनों तक हर्षोल्लास के साथ मनाया, व्यापारियों ने भी इस बार जमकर धन बटौरा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले में दिपावली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार अवावस्या दो दिन होने के कारण दिपावली का त्यौहार दो दिन तक मनाया गया ।इस अवसर पर बाजारों में दुकानदारों ने भी जमकर धन बटौरा। जिला कलेक्टर .डॉ महेन्द्र खडगावत, जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह, उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया व पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाणा सहित आर.ए.सी. व तीनों थाने के थानाधिकारी मय जाब्ते के शहर में मार्चपास्ट कर अपराधियों में खौफ पैदा करने की कौशिश की। स्थानीय पुलिस के सहशस्त्र जवानों ने मुख्य चौराहों पर सुरक्षा पहलुओं को मध्यनजर रखते हुए अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद की और से शहर में अच्छी रोशनी के लिए विशेष व्यवस्था की और वहीं लोगों को इसके लिए प्ररित भी किया गया। स्थानीय व्यापारियों ने अपने-अपने क्षैत्र की दुकानों व बाजारों को रोशनी से जगमगा दिया और शहर में चारों और रंग-बिरंगी रोशनी से नहला रखा था। छोटे-बडे बच्चे पटाखों की दुकानों पर पटाखे आदि खरीदर कर छोडने में लगे थे। वहीं घरों में विभिन्न तरह के पकवान बनाये जा रहे थे। इस बार दो दिवाली होने का कारण कई लोगों ने तो एक दिन पहले दिवाली मनाई तो कईयों ने दूसरे दिन हालांकि राम-शामा के दिन सभी एक दूसरे को दिपावली की बधाई देने में लगे हुए थे। कई प्रतिष्ठानों के मालिकों ने अपने-अपने स्टॉफ को मिठाईयों के डिब्बे पैक करवा कर उन्हें मिठाई वितरित की तो कई प्रतिस्ठानों पर गिफ्ट आदि पैक भी दिये गये। लोग अपने प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई कर उन्हें भी बहुत अच्छे तरीके से सजाया संवारा है। दुकानों व बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों पर लाईटों की विशेष रोशनी कर लोगों के लिए आर्कषण का केन्द्र बनी रही। शहर के बीचों बीच पाली बाजार व्यापार ऐसोसियेशन व स्थानीय व्यापिरियों के सहयोग से विभिन्न तरीके के द्वार आदि बनाये गये। खाद्य व फूड विभाग ने संयुक्त कार्यवाही कर कई स्थानों पर अवैध रुप से घरैलु सिलेण्डरों का दुरुपयोंग करते हुए दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही का अंजाम दिया वहीं फूड विभाग के अधिकारियों मिठाईयें व खाद्य पदार्थों की दुकानों को चैक कर नकली व घटिया किस्म के खाद्य पदार्थों के नमूने लिये। इसी तरह कई जगह से मिठाईयों के भी नमूने लेकर उनका परीक्षण हेतु भेजा गया।

### जिला मुख्यालय पर कॉलेजों में प्रोफेसरों की भारी कमी से शिक्षा प्रभावित

# बॉयज कॉलेज में 59 में 18 प्रोफेसर और गर्ल्स कॉलेज में 27 में 7 प्रोफेसर नियुक्त

बढ़ता राजस्थान




**अंता बारां ( शफीक मंसूरी )।** प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की कमी के चलते जिला मुख्यालय पर स्थित दोनों कॉलेजों में स्थिति बदहाल है। प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की कमी के चलते जिला मुख्यालय पर स्थित दोनों कॉलेजों में स्थिति बदहाल है। बॉयज पीजी कॉलेज में 59 पदों के मुकाबले 17 और गर्ल्स पीजी कॉलेज में 27 के मुकाबले महज 11 ही फेकल्टी कार्यरत हैं। इनमें कुछ संविदा फेकल्टी भी शामिल है। दोनों कॉलेजों में पदस्थ दो-दो फेकल्टी डेपुटेशन पर अन्य जिलों में लगे हुए हैं तो कुछ को बारां जिले में ही अन्य कॉलेजों का प्रभार दे रखा है ।शहर स्थित बॉयज कॉलेज में प्रिंसिपल, प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 59 पद स्वीकृत हैं। इसके मुकाबले यहां आयुक्तालय की ओर से कुल 17 ही फेकल्टी पदस्थ हैं। इनमें से 6 संविदा पर लगे हुए हैं। ऐसे में यहां फेकल्टी की कमी के चलते परेशानी बनी हुई है। इसमें भी सबसे बड़ी बात यह है कि पहले से स्टाफ की कमी के बावजूद चार प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर जिले के अन्य कॉलेजों का प्रभार दे रखा है ।गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रिंसिपल सहित 27 प्रोफेसर के पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 7 पदों पर ही प्रोफेसर लगाए हुए हैं। इनमें से भी दो व्याख्याताओं को डेपुटेशन पर अन्य जिलों में लगाया हुआ है। साथ ही 4 व्याख्याता संविदा पर लगाए हुए हैं। प्रिंसिपल समेत प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के अधिकांश पद कई सालों से रिक्त चल रहे हैं। गर्ल्स कॉलेज में कुल करीब 1800 से अधिक छात्राओं का नामांकन रहता है। आगामी दिसबंर मे होने वाली सेमेस्टर परीक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। बॉयज कॉलेज से कृषि कॉलेज बारां में प्रोफेसर राजेंद्र मीणा, राजकीय गर्ल्स कॉलेज सीसवाली में प्रोफेसर बालकिशन, राजकीय कॉलेज नाहरगढ़ में प्रोफेसर रामकेश मीणा, राजकीय गर्ल्स कॉलेज छबड़ा में प्रोफेसर सीबी शर्मा राजकीय गर्ल्स कॉलेज शाहाबाद में प्रोफेसर राकेश कुमार खटीक को प्रभार दिया है। प्रिंसिपल बॉयज कॉलेज बारां को कृषि कॉलेज बारां व शाहाबाद, गर्ल्स कॉलेज शाहाबाद, नाहरगढ़, सीसवाली का नोडल अधिकारी बनाया है। प्रोफेसर सीबी शर्मा को अटरू कॉलेज और छबड़ा कॉलेज का नोडल बनाया है बॉयज पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. भगवान सिंह ने बताया कि कॉलेज से चार फेकल्टी को जिले के अन्य कॉलेजों का प्रभार दिया हुआ है। वहीं, दो अन्य जिलों में डेपुटेशन पर लगे हुए हैं। स्टाफ की कमी के चलते पढ़ाई से लेकर अन्य कामकाज भी प्रभावित होता है। फिर भी कॉलेजों में प्रतिदिन कक्षा लगाकर विद्यार्थियों कोर्स पूरा करवाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के कई कॉलेजों का नोडल होने के चलते वहां पर भी कक्षा का नियमित संचालन का प्रयास किया जा रहा है। 59 में से 17 पदों पर प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर कॉलेज में पदस्थ है। स्टाफ की कमी को लेकर कॉलेज आयुक्तालय को अवगत कराया है। वहीं गर्ल्स पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल एसके मेहता ने बताया कि गर्ल्स कॉलेज में 27 में से 7 प्रोफेसर लगे हुए हैं। चार फेकल्टी संविदा पर कार्यरत है। स्टाफ की कमी के कारण काफी परेशानी आ रही है। कॉलेज में स्टाफ की कमी को लेकर आयुक्तालय को भी अवगत करवाया गया है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी स्थित श्रीनाथजी मंदिर में की गोवर्धन पूजा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को डीग जिले के ग्राम पूंछरी स्थित श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे। शर्मा ने सपत्नीक विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की। उन्होंने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी के सुख-समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली के लिए कामना की है। श्रीनाथजी मंदिर के महंतों ने मंदिर परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री का स्वागत किया। गोवर्धन पूजा के दिवस पर मुख्यमंत्री को देख श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिला। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह पर आमजन ने माला पहनाकर श्री शर्मा का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने बड़ी आत्मीयता के साथ परिक्रमार्थियों से मुलाकात की, बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया तथा सभी को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश विकसित राज्य बने ऐसी उनकी कामना है।

इससे पूर्व पूंछरी हेलीपैड पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, डीग- कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह, विधायक बहादुर सिंह कोली, आईजी राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा सहित अन्य अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्री शर्मा की अगवानी की। गोवर्धन पूजा के अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर में धूमधाम के साथ अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन किया गया। 56 प्रकार के पकवान बनाकर बाल भोग तैयार किया गया जिसे श्रद्धालुओं में अन्नकूट प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

मंदिर को पुष्पों से भव्य तरीके से सजाया गया और भगवान श्रीनाथ जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान श्री शर्मा ने मुखारविंद का जल एवं दुग्धाभिषेक कर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया।

## दलित समाज में रैली निकाल कर किया प्रदर्शन अंबेडकर पार्क की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गार्ड की नियुक्ति करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** अंबेडकर पार्क में असामाजिक तत्वों द्वारा स्मारक पर अपशब्द और जाति विशेष के लिए गाली गलौज करने के मामले में शनिवार सुबह दलित समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोगों ने अंबेडकर पार्क से पुलिस थाने तक रैली निकाल कर एसएचओ बाबूलाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अपशब्द लिखने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने, अंबेडकर पार्क में सीसीटीवी कैमरे और हेलोजन लाइट लगवाने, अंबेडकर पार्क की साफ सफाई करवाने और अंबेडकर पार्क की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गार्ड्स की नियुक्ति करने की मांग की है। ज्ञापन में 10 नवंबर तक मामले में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार शाम असामाजिक तत्वों ने अंबेडकर पार्क के स्मारक की दीवारों पर मार्कर पेन से अपशब्द और जाति विशेष के लिए अभद्र टिप्पणी लिख दी थी। हालांकि मामले का पता चलने पर पुलिस प्रशासन ने लिखे गए अपशब्दों पर सफेद पेंट कर दिया था। इससे पहले सुबह दलित समाज संगठन के करीब 100-150 लोग अंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। जहां लोगों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि महापुरुष किसी समाज विशेष के नहीं होते हैं, बल्कि पूरे देश के होते हैं।

असामाजिक तत्वों की शर्मनाक हरकत से देश के गौरव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों की भावना आहत हुई है। ऐसे में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जाटव समाज के अध्यक्ष दानसिंह जाटव, महामंत्री किशनचंद वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य राकेश कुमार जाटव, भीम आर्मी के पूर्व जिला सचिव हिमांशु, राजकुमार चहल, पुष्पेंद्र टाइगर, खेमचंद, नवल सिंह, सीताराम, सोहन सिंह, अमित, योगेश, राकेश कुमार, देवेंद्र आदि कई लोग मौजूद रहे।

## भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर जैन तीर्थ व चन्द्रप्रभू मंदिर पर चढ़ाया निर्वाण का लड्डू



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** बारां जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत व पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस तथा भगवान गौत्तम स्वामी के केवल्य ज्ञान प्राप्त होने के अवसर पर जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के समाज बंधुओं द्वारा चौमुखा बाजार स्थित चन्द्रप्रभू स्वामी मंदिर तथा कोटा-बारां राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ग्राम बमूलिया के निकट स्थित जैन तीर्थ पर पर निर्वाण का लड्डू चढाया। श्री जय त्रिभुवन विमल विहार तीर्थ धाम की अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया, चेतना श्रीमाल तथा अंगूरबाला मारू ने बताया कि 527 ईसा पूर्व में 72 वर्ष की आयु में कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर बिहार के पावापुरी में भगवान महावीर को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। वर्तमान समय में पावापुरी को राजगीर के नाम से जाना जाता है।

अत: हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर जैन समाज बंधुओं द्वारा निर्वाणोत्सव मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य पर चन्द्रप्रभू स्वामी मंदिर एवं जैन तीर्थ पर पूजा अर्चना कर भगवान महावीर को निर्वाण का लड्डू चढाया गया। जैन धर्मावलम्बियों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस, भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन तथा भगवान गौत्तम स्वामी के केवल्य ज्ञान प्राप्त करने वाले इस महान दीपोत्सव पर्व की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गौत्तम मारू, अषोक बोरडिया, ललित श्रीमाल ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव के अवसर पर निर्वाण लड्डू चढाने के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान विपुल श्रीमाल, मनोज मारू, बुद्धिप्रकाष मारू, प्रदीप मारू, सुरेष वेद, सुनीता वेद, रेखा बोरडिया, सोनम वेद, प्रीति रंगावत आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

## सर्विस नहीं होने से नाराज फौजी ने बाइक शोरूम में मचाया उत्पात, संचालक और उसकी पत्नी-बेटों के साथ की मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना(सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** छुट्टी के दिन बाइक की सर्विस नहीं होने से नाराज एक फौजी और उसके साथी ने बाइक शोरूम में उत्पात मचाते हुए शोरूम मालिक सहित उसकी पत्नी और दो बेटों के साथ मारपीट कर दी। पटना को लेकर शोरूम मालिक की पत्नी रजनी गोयल ने फौजी और उसके साथी के खिलाफ कोतवाली थाने में मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में डेढ़ तोला सोने की चेन और शोरूम के काउंटर से डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर ले जाने का भी आरोप लगाया है। कस्बे के रीको एरिया स्थित बाइक शोरूम गोयल मोटर्स के मालिक लोकेश गोयल ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी पत्नी रजनी गोयल शोरूम के काउंटर पर बैठी हुई थी। तभी सदर थाना इलाके के गांव नगला ज्ञानी पाटिका निवासी फौजी धर्मवीर उर्फ धर्मेश गुर्जर अपने साथी रविंद्र के साथ बाइक लेकर शोरूम पर पहुंचा। धर्मवीर ने अपनी बाइक की सर्विस कराने की बात कही। जब उसकी पत्नी ने कहा कि दिवाली के कारण शोरूम का स्टाफ छुट्टी पर है।

दो दिन बाद स्टाफ के आने पर सर्विस हो पाएगी। इसी बात पर फौजी धर्मवीर उखड़ गया और गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज करने से मना किया तो धर्मवीर और उसके साथी ने पत्नी रजनी गोयल के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर लोकेश गोयल और उसके दोनों पुत्र आकाश व दिव्यांशु शोरूम के ही ऊपर बने रेजिडेंस से नीचे पहुंचे। रिपोर्ट में आरोप है कि दोनों आरोपियों ने शोरूम मालिक सहित उसके पूरे परिवार के साथ मारपीट की।

## मातम में बदली खुशियां दादा और दो पोतों की मौत, बकरियों को पानी पिलाने नदी किनारे गए थे, बड़े पोते का शव 24 घंटे बाद मिला

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** दो पोतों के साथ नदी में डूबने से दादा की भी मौत हो गई। मामला भरतपुर जिले के बयाना सदर थाना क्षेत्र का है। जहां गुरूवार सुबह 10.30 बजे गांव नगला बंडा महरावर में दादा के साथ नदी किनारे पर गए 2 पोते खेलते-खेलते अचानक पानी में चले गए। दोनों बच्चे अचानक नदी किनारे बने गहरे गड्ढे में डूबने लगे। पोतों को डूबता देख दादा उनको बचाने नदी में उतरा तो वह भी डूब गया। जहां डूबने से तीनों की मौत हो गई। दीपावली की खुशियां पूरे गांव में मातम में बदल गई। 24 घंटे बाद मिला बड़े पोते का शव। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक डॉ रितु बनावत और उनके पति बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

ग्रामीण ने बताया बच्चों के पिता गजराज गांव में ही खेती का कार्य करते हैं। गजराज का बड़ा पुत्र मनोज 12 घटना के समय पर घर पर ही था। दीपावली पर एक परिवार के तीन लोगों के डूबने की घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों के अनुसार बजरी की खुदाई के कारण नदी किनारे गहरे गड्ढे बने हुए थे। ऐसी में संभावना है कि तीनों नदी के अंदर गहरे गड्ढे में समा गए। सदर थाना एसएचओ बलराम यादव ने बताया- गांव नगला बंडा निवासी विश्राम सिंह (62) पुत्र बालमुकुंद गुर्जर गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव के पास से गुजर रही गंभीर नदी में बकरियों को पानी पिलाने और नहलाने गया था। इस दौरान विश्राम सिंह के साथ उसके दो पोते योगेश (15) और अंकित (10) पुत्र गजराज भी गए थे। दादा बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान खेलते खेलते दोनों पोते नदी के पानी में चले गए और डूब गए। विश्राम सिंह ने पोतों को पानी में डूबते देखा तो उनको बचाने के लिए गहरे पानी में उतर गया और डूब गया। मौके पर पहुंचे गांव वालों ने रस्सी के सहारे तीनों की तलाश शुरू की।

मगर कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार दोपहर एसडीआरएफ ने शुरू किया था। सर्च ऑपरेशन दोपहर 2:00 बजे एसडीआरएफ टीम ने तीनों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने दादा विश्राम का शव निकाल लिया। वहीं शाम 5.00 बजे अंकित का भी शव नदी से बाहर निकाल लिया मगर योगेश का पता नहीं चल सका। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार दोपहर करीब 12:00 बजे योगेश को भी नदी से निकाल दिया। उसके बाद सबका पोस्टमार्टम करा कर तीनों के शव परिजनों को सौंप दिये।

**मानसून सीजन में 17 लोगों की डूबने से हुई थी मौत :** मानसून सीजन में बयाना इलाके में नदी नालों में डूबने से 17 लोगों की मौत हो गई थी मानसून सीजन में अच्छी बारिश के बाद करौली के पांचना बांध से इस बार गंभीर नदी में बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया था।

## कच्ची बस्ती में मनाई दिवाली

बढ़ता राजस्थान



**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** आरोग्य भारती और गायत्री परिवार के सदस्यों ने रामगंज मंडी शहर के रोसली कच्ची बस्ती वासियों के बीच पहुंचकर समय साझा किया।

यहां गीत, नृत्य और भजन के मनोरंजन कार्यक्रम हुए जिसका बस्ती वासियों ने खूब लुफ्त उठाया। यहां बस्ती वासियों को उपहार और मिठाई का वितरण भी किया गया ओर सभी को भोजन करवाया गया। इससे पूर्व बुधवार को उडवा रोड पर पौधारोपण कर रूप चौदस मनाई गई।








# देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव पर हनुमान नगर में आचार संहिता लागू हो तो चुनाव व्यवस्थाएं होंगी और माकूल

बढ़ता राजस्थान

- हनुमान नगर क्षेत्र की लगभग 30प्रतिशत आवासीय एवं कमर्शियल भूमि देवली नगर पालिका में इंद्राज है
- हनुमान नगर में आचार संहिता इसलिए लागू होनी चाहिए कि यह देवली शहर से सटा हुआ है




**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** देवली उनियारा विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही यहां आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रशासनिक अधिकारी भी इसकी पालना कराने में भी जुट गए हैं। लेकिन देवली शहर की सीमा पर शाहपुरा (भीलवाड़ा) जिले का हनुमान नगर भी बसा हुआ है। ऐसे में यहां अवैधानिक गतिविधियां ज्यो की त्यो बनी हुई है । इसका सीधा-सीधा असर चुनाव गतिविधियों पर पढ़ सकता है। मामला यह है कि देवली नगर पालिका की सीमा पर अन्य जिले के आबकारी विभाग ने शराब की दो दुकान आवंटित की हुई है। तो वही शहर से सटे हनुमान नगर थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक शराब की अवैध ब्रांच में भी खुली हुई है । ऐसे में यहां शराब का स्टॉक मॉनिटरिंग होना अति आवश्यक है । इसलिए की देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव 13 नवंबर को होने जा रहे हैं। ऐसे में केवल देवली शहर की सीमा तक ही आचार संहिता की पालना हो पाना चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। इसलिए हनुमान नगर क्षेत्र में भी आचार संहिता की पालना होने पर ही चुनाव प्रक्रिया आसान रहेगी। जानकारी के अनुसार शहर से सटे हुए हनुमान नगर थाना क्षेत्र मैं अवैध शराब की ब्रांचो का कारोबार फल फूल रहा है । अगर यहां भी निर्वाचन आयोग आचार संहिता की पालना करवाने के लिए उक्त क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हैं तो। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के लिए उपचुनाव प्रक्रिया आसन हो जाएगी। इतना ही नहीं चुनाव दौरान काफी समस्याओं से मतदाताओं को राहत मिल जाएगी । यहां आमजन का मानना है कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र में भी आचार संहिता की पालना होना अति आवश्यक बना हुआ है। तो वहीं लोगों के बीच आशंकाएं यह भी व्याप्त हो रही है कि चुनाव दौरान हनुमान नगर क्षेत्र से अवैध तोर पर शराब की सप्लाई हो सकती है। ऐसे में चुनाव आयोग को ऐसी होने वाली अवैधानिक गतिविधियों पर पहले से ही ध्यान देना होगा। उल्लेखनीय है कि देवली शहर की सीमा पर बसा हुआ हनुमान नगर कि 30त्न आवासीय भूमि देवली नगर पालिका में इंद्राज है । और हनुमान नगर क्षेत्र में देवली नगर पालिका ने काफी संख्या में आवासीय भूखंड पट्टे भी जारी किए हुए हैं। इसलिए हनुमान नगर देवली शहर के नाम से ही जाना जाता है। ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग चाहे तो यहां भी आचार संहिता की पालना करवा सकते हैं। जिससे निर्वाचन आयोग के लिए देवली उनियारा विधानसभा का उपचुनाव पूर्ण रूप से करवाया जाना आसान हो जाएगा । निर्वाचन चुनाव आयोग को बता दें कि देवली नगर पालिका शहर के गणेश रोड पर गुरमीत मार्बल के आगे शराब की अवैध ब्रांच शराब के ठेके के रूप में संचालित हो रही है । इसी प्रकार देवली शहर के राजकीय चिकित्सालय मैं कॉटेज वार्ड की बाउंड्री के पीछे अंडे , चाय की दुकान की आड़ में अवैध शराब की बिक्री की सूचना भी जग जाहिर है। ऐसे हालातो की जानकारी हनुमान नगर थाना पुलिस शाहपुरा आबकारी विभाग को बखूबी मालूम है। बावजूद इसके उक्त क्षेत्र के जिम्मेदारों ने यहां अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा हुआ है। इस गंभीर समस्या से स्थानीय क्षेत्रवासीयो में आए दिन परेशानियां उत्पन्न होती चली आ रही है । ऐसे मे यहां पर अगर आचार संहिता की पालना नहीं करवाई गई तो इसका सीधा-सीधा असर चुनाव प्रक्रिया में देखने को मिल सकता है । यहां आचार संहिता लागू नहीं होने का मुख्य कारण और समस्या यह है कि । यह टोंक जिले का क्षेत्र नहीं है। ऐसे में हनुमान नगर शाहपुरा (भीलवाड़ा ) जिले में आता है। इसलिए यहां आचार संहिता का असर दिखाई नहीं दे रहा है। निर्वाचन आयोग को यहां समझने वाली बात तो यह है कि टोंक जिले की देवली नगर पालिका ने पेरा फेरी क्षेत्र के नाम पर हनुमान की 30प्रतिशत आवासीय एवं कॉमर्शियल भूमि का नामांतरण पालिका की भूमि शाखा में खुला हुआ है । तो वही देवली उपखंड प्रशासनिक कार्यालय शाहपुरा जिले की भूमि पर खुले हुए हैं। जैसे कि राजकीय चिकित्सालय, जयपुर विद्युत वितरण निगम कार्यालय, बीसलपुर परियोजना कार्यालय, बीसलपुर कॉलोनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, यह सभी सरकारी कार्यालय राज्य सरकार ने बरसों पहले ही हनुमान नगर क्षेत्र की भूमि पर स्थापित किए हुए हैं । देखने वाली बात यह है कि यहां सरकारी कामकाज पर आचार संहिता लगी हुई है । ऐसे में देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव पर शाहपुरा जिला आबकारी विभाग ने हनुमान नगर क्षेत्र में, आचार संहिता लागू नहीं करवाई हुई है। या यह कहे कि निर्वाचन आयोग ने हनुमान नगर में आचार संहिता लागू करवाना उचित नहीं समझा हुआ है। अगर यहां आचार संहिता लागू है तो फिर इसकी पालना क्यों नहीं हो पा रही है?। देवली शहर की सीमा पर शराब की दो दुकान संचालित आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई हुई है ऐसे में हनुमान नगर की इन दोनों दुकानों का स्टॉक मॉनिटरिंग होना चाहिए। यहाँ लोगों का मानना है कि चुनाव दौरान देवली उपखंड में शराब की दुकान बंद रहेगी। ऐसे में अगर देवली शहर की सीमा हनुमान नगर में शराब की बिक्री होती रही तो देवली प्रशासनिक अधिकारियों के सामने काफी मुश्किल है पैदा हो सकती है।





